मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 195 ■ मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# अंबरनाथ में घातक हथियारों के साथ 2 बदमाश गिरफ्तार

- आरोपियों के पास से घातक हथियार बरामद
- दो देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, 23 राउंड बरामद
- बड़े अपराध की फिराक में थे आरोपी




**अंबरनाथ.** शहर में आपराधिक प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन में अंबरनाथ पुलिस ने दो आरोपियों को दो पिस्तौल, जिंदा कारतूस और एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है और अपराध में खुद को 'भाई' मानने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस सतर्क हो गई है. अंबरनाथ पुलिस के इस साहसिक प्रदर्शन की चर्चा पूरे शहर में हो रही है.

सुरेश देवेंद्र सिंह ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि कल्पेश पाटिल और दिग्विजय पिसल ने उसे पीटकर तलवार और पिस्तौल दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी है तलवार। इस अपराध में आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जबकि आरोपी फरार थे, अंबरनाथ पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की और गुप्त जानकारी मिली कि आरोपी जांभुल गांव के ईंट भट्ठा इलाके में छिपे हुए हैं.

इस सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत छापेमारी शुरू कर दी. सहायक पुलिस निरीक्षक संदीप भालेराव के नेतृत्व में जांच दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ईंट भट्ठे पर छापा मारा। इस कार्रवाई में दोनों आरोपी जांभूळ निवासी दिग्विजय अमर पिसल और बदलापुर निवासी नरेंद्र संजय घरत को हिरासत में लिया गया। इस छापेमारी में पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार और अन्य सामग्री बरामद की है जिसमें दो देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, 23 राउंड गोलियां, एक धारदार चाकू सहित दो दोपहिया गाड़ी भी बरामद किए गए। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से बरामद हथियारों से अपराध की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है. ऐसी आशंका है कि इन हथियारों का इस्तेमाल किसी संभावित बड़े अपराध के लिए किया गया होगा।

उक्त ऑपरेशन अति संवेदनशील होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार जांच पर नजर रखे हुए थे। इस प्रदर्शन में ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, सहायक आयुक्त चव्हाण, अपर पुलिस आयुक्त संजय जाधव, उप पुलिस आयुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली और सहायक पुलिस आयुक्त सुरेश वराडे के मार्गदर्शन में इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया. इस प्रदर्शन में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांडे, पुलिस निरीक्षक अपराध किशोर शिंदे, संदीप भालेराव, मुंडे और अपराध जांच टीम के अधिकारी सचिन जाधव, संजय चव्हाण, मंगेश सूर्यवंशी और नागेश परदेशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# आज से भरे जाएंगे नामांकन पत्र

- आज से शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया
- 22 से 29 अक्टूबर तक उम्मीदवार ली जाएगी
- 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी
- 3 नवंबर को नाम वापस लेने की तारीख
- शहर में चुनावी माहौल पड़ा ठंडा




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिसमें उल्हासनगर 141 जिसमें उल्हासनगर-1,2, 3 व तीन गांव म्हारल, वरप व कांबा, इसके साथ अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में अंबरनाथ शहर पूर्व, पश्चिम के साथ कैम्प 4 का कुछ भाग व कैम्प 5 पूरा आता है. इसके साथ ही कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कल्याण पूर्व, हाजीमलंग सहित उल्हासनगर-4 का काफी क्षेत्र आता है। इन तीनों क्षेत्रों में मौजूदा विधायक गणपत गायकवाड़ के स्थान पर उनकी पत्नी सुलभा गायकवाड़ के नाम की घोषणा भाजपा ने की है। इसके अलावा किसी भी बड़े पक्ष ने यहां उम्मीदवारी घोषित नहीं की है। अंबरनाथ के मौजूदा विधायक बालाजी किणीकर व उल्हासनगर से भी वर्तमान विधायक कुमार आयलानी इंतजार कर रहे हैं। भाजपा की 99 नामों की एक सूची जारी हुई है उसके अलावा अब तक कोई भी सूची नहीं आयी है। इन तीनों क्षेत्रों में चुनावी माहौल ठंडा देखने को मिल रहा है। ऐसे में आज से चुनाव प्रक्रिया भी शुरू हो रही है। आज 22 अक्टूबर से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। संभवतः आज उम्मीदवार केवल फार्म लेकर जाएंगे और 23 अक्टूबर से नामांकन पत्र दाखिल होना शुरू होगा। मंगलवार 29 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख है ऐसे में आज सभी उम्मीदवारों की घोषणा हो जाएगी।

अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र से डॉ. बालाजी किणीकर की उम्मीदवारी तय है. उनके समक्ष कांग्रेस से रोहित सालवे अथवा शिवसेना उबाठा के राजेश वानखेडे को उम्मीदवारी मिल सकती है। किणीकर के विरोधी वालेकर भी अपना उम्मीदवार उतार रहे हैं।

कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की उम्मीदवारी आने के बाद शिवसेना शिंदे गुट के महेश गायकवाड़ ने बगावत शुरू कर ली है और उनका निर्दलीय चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। शिवसेना उबाठा से धनंजय बोडारे व कांग्रेस में सीट को लेकर रस्सीखेच चल रही है। अब देखना है कि यहां कितने उम्मीदवार मैदान में उतरते हैं।

### ■ कालानी-आयलानी वेटिंग लिस्ट में


उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के मौजूदा विधायक कुमार आयलानी का नाम अभी भी वेटिंग लिस्ट में है तो वहीं पूर्व विधायक पप्पू कालानी के पुत्र ओमी कालानी जो राकांपा शरद पवार से तुतारी पर चुनाव के इच्छुक हैं, उन्हें भी पवार साहब ने कतार में डाल दिया है। अब यह इंतजार कोई बड़े भूचाल का संकेत है अथवा यह दोनों मैदान में उतरेंगे। वहीं खबर यह मिली है कि यह सीट भाजपा के ही खाते में जाएगी। ऐसे में उल्हासनगर से दावेदार राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री निर्दलीय मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके हैं। भाजपा के बागी संजय गुप्ता ने वंचित का टिकट पा लिया है बाकी की घोषणा होनी बाकी है।

# अंबरनाथ पुलिस ने तड़ीपार गुंडे को कोयते के साथ पकड़ा

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस ने एक तड़ीपार गुंडे को लोहे के धारदार वाले कोयते के साथ शहर पश्चिम के भास्कर नगर से गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम पुलिस ने टीनू हरिष बिस्टे (33) बताया, जो कि भास्कर नगर में ही रहता था. उसे 5 जनवरी को उल्हासनगर जोन 4 के पुलिस उपायुक्त ने दो वर्ष के लिए ठाणे, मुंबई उपनगर, रायगड़ जिले से तड़ीपार किया था. टीनू को 19 अक्टूबर को रात 11.30 बजे पुलिस ने भास्कर नगर भोर विद्यालय के पास से पकड़ा है. ये खतरनाक तड़ीपार गुंडा एक लोहे के धारदार कोयता हाथ में लेकर जा रहा था. ऐसा पुलिस द्वारा जारी क्राइम रिपोर्ट में बताया गया है. विधानसभा चुनाव सर पर हैं. कोई अनुचित प्रकार ना हो इसके लिए पुलिस ने गुंडों की धरपकड़ शुरू कर दी है. ताकि चुनाव शांतिपूर्वक हो और निर्भय होकर मतदाता वोट करने के लिए घर से निकलें. मामले की जांच व.पो.नि. बालाजी पांढरे के मार्गदर्शन में प्राथमिक जांच पुलिस उप निरीक्षक राजेंद्र अहिरे कर रहे हैं.

# कल्याण ग्रामीण से मनसे विधायक राजू पाटिल उम्मीदवार

- ठाणे से अविनाश जाधव
- मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने की घोषणा
- 24 अक्टूबर को भरेंगे पर्चा





**कल्याण.** भाजपा द्वारा विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पहली सूची की घोषणा के बाद, मनसे ने डोंबिवली में अपने उम्मीदवारों की घोषणा करके बढ़त बना ली है। कल्याण ग्रामीण से मौजूदा विधायक राजू पाटिल को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया गया है. साथ ही मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने यह कहकर अपने समर्थकों को चुनावी मैदान में उतार दिया है कि अविनाश जाधव ठाणे से उम्मीदवार होंगे.

मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने सोमवार को कल्याण ग्रामीण में चुनाव केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया. नेता अभिजीत पानसे, विधायक राजू पाटिल, अविनाश जाधव, पूर्व विधायक रमेश पाटिल, प्रकाश भोईर, विनोद पाटिल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भीड़ को देखते हुए कहा कि मैंने एक बड़ा घर खरीदा क्योंकि मेरा घर पहले से ही छोटा हो रहा था लेकिन अब यह भीड़ देखकर मुझे लगता है कि मुझे एक बड़ा घर खरीदना होगा। उन्होंने कहा कि मनसे की दूसरी सूची आज या कल घोषित की जाएगी. मैं आज यहां आया हूं और कल्याण ग्रामीण से राजू पाटिल और ठाणे से अविनाश जाधव के उम्मीदवारों की घोषणा कर रहा हूं। साथ ही उम्मीदवार राजू पाटिल और अविनाश जाधव 24 अक्टूबर को पर्चा भरने आ रहे हैं. राज ने अपील की कि उस वक्त भी इतनी ही संख्या में मौजूद रहना चाहिए.

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति समेत 3 गिरफ्तार

**बदलापुर.** बदलापुर में एक महिला को परेशान करने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसके पति तथा उसके परिवार के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उपनिरीक्षक पी डी अमृतकर ने बताया कि सोनाली पवार (27) ने 16 अक्टूबर को कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद उसकी मां ने बदलापुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने महिला के पति रोहित पवार (30), उसके भाई धनंजय (36) और उनके पिता सतीश विट्ठल पवार (62) को कथित आत्महत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। शिकायत के अनुसार, पीड़िता के ससुराल वालों ने उसके आभूषण कथित तौर पर हड़प लिए और उसे अपने घर में बंधक बनाकर रखा।

# मोर्यानगरी रोड पिछले 10 वर्षों से पड़ा है अधूरा

- नागरिक हैरान-परेशान



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के भीतर यातायात की भीड़ को हल करने के लिए लिंक रोड की अवधारणा प्रस्तावित की गई थी। 25 साल पहले मनपा ने वीटीसी ग्राउंड मोर्यानगरी सड़क का निर्माण कर बाजार क्षेत्र के भारी ट्रैफिक को श्रीराम चौक से होकर डायवर्ट किया था.

लिंक रोड आधा किमी. लंबा हिस्सा वर्तमान कल्याण मनपा सीमा और पहले आशेले, मानेरे गांव की सीमा से होकर गुजरा है। इस आधा कि.मी. लंबी सड़क की मरम्मत का काम अब तक उल्हासनगर मनपा ने किया है. लेकिन पिछले 10 वर्षों से सड़क के पुनर्निर्माण को लेकर विवाद के कारण सड़क जर्जर हो गयी. इसी बीच 3 साल पहले सड़क का भूमिपूजन यह कहकर आनन-फानन में कर दिया गया कि स्थानीय विधायक एमएमआरडीए से फंड लेकर आए हैं. इसके बाद विपक्षी दलों ने भी भूमि पूजन किया. लेकिन सड़क का काम पूरा नहीं हुआ है और अभी भी आंशिक स्थिति में है।

मोर्यानगरी रोड और आशेले, मानेरे गांव कल्याण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र में आता है। इस क्षेत्र के विधायक गणपत गायकवाड़ हैं और वह पिछले 10 साल में इस सड़क का काम पूरा नहीं करा सके. ऐसी आलोचना उनके विरोधी कर रहे हैं. यदि मोर्यनगरी की सड़क पूरी हो जाती है, तो शहर के बाजार क्षेत्र से भारी यातायात को इस लिंक रोड से मोड़ दिया जाएगा। इससे शहर के पूर्वी इलाके में जाम की समस्या दूर होने की संभावना है.

# अंबरनाथ बचत गट महिलाओं के साथ फ्रॉड

## शिवाजी नगर पुलिस से महिलाओं ने की शिकायत




⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में कई बचत गट महिलाओं के साथ बारामती निवासी शिरालकर परिवार ने फ्रॉड किया है. ऐसा आरोप शहर पूर्व निवासी हेमांगी संजय शिंगारे और उनकी साथी महिलाओं ने लगाया है और पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर एवं शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में पीड़ित महिलाओं के साथ भेंट कर पुलिस को सबूत देकर मांग की है कि सुनिल शिरालकर, श्वेता शिरालकर पर कार्रवाई करके उनके द्वारा किए गए फ्रॉड की रकम उन्हें वापस दिला कर दे.

हेमांगी के अनुसार बारामती निवासी सुनिल और श्वेता शिरालकर एक संस्ता चलाते हैं. उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब पर ये बताया है कि महिलाओं को घर बैठे काम देंगे, जिसमें उनका लाभ होगा. जिसके लिए बचत गट की महिलाओं को हर महिने शिरालकर की संस्था को तीन हजार रुपए देने होंगे. इस तरह उन्होंने शहर की कई महिलाओं से सात महिने तक रकम को एकत्रित किया. हेमांगी ने डेढ़ वर्ष पूर्व फ्रैंचाइजी के लिए दस हजार रुपए भी दिए थे, लेकिन ना ही घर बैठे काम दिया गया और पैसे वापस मांगने पर उन्हें 57 हजार रुपए का यूनियन बैंक का चेक दिया, जो कि बाउंस हो चुका है. उन्होंने 2 लाख से ज्यादा रुपयों का फ्रॉड किया है. हेमांगी और उनकी साथी बचत गट महिलाओं के आरोप है कि शिरालकर परिवार ने पूरे महाराष्ट्र की हजारों महिलाओं के साथ ऐसा फ्रॉड किया है, इसलिए उन पर कार्रवाई की जाए. ऐसी मांग उन्होंने पुलिस से की है.

# वन नेशन, वन राशन कार्ड का लाभ उठाएं


- अंबरनाथ राशनिंग अधिकारी ने लोगों से किया आह्वान
- EKYC 31 अक्टूबर तक कराने की अपील

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ राशनिंग कार्यालय के अधिकारी ने लोगों से आह्वान किया है कि वह 'वन नेशन वन कार्ड' के अंतर्गत शुरू योजना का लाभ उठाएं. उदाहरण में उन्होंने बताया कि आपके घर में 5 व्यक्तियों को राशन मिलता है, तो तीन व्यक्तियों का अनाज गांव में और अन्य व्यक्ति जहां वह रह रहे हैं, वहां से अनाज ले सकते हैं.

उन्होंने बताया कि पोर्टिबिलिटी बढ़े इसके लिए पॉज मशीन को दस प्रतिशत अतिरिक्त अनाज शासन की तरफ से दिया जा रहा है. वन नेशन वन कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा अधिकृत राशन कार्ड धारकों ने लाभ लें, ऐसा आह्वान अधिकारी एस. बी. पाटसुटे ने शहरवासियों से किया है. उन्होंने राशन कार्ड धारकों को ये भी चेताया है कि 31 अक्टूबर तक EKYC कराने की आखिरी तारीख है. उस तारीख से पहले अपने राशन दुकान में जाकर EKYC करा लें, नहीं तो एक नवंबर से उनको राशन मिलना बंद हो जाएगा. जिसने EKYC नहीं किया, तो उसको गेहूं, चावल अनाज देना बंद कर दिया जाएगा.

# मुरबाड से सुभाष पवार की बगावत

- NCP के शरद पवार गुट में एंट्री, उम्मीदवारी तय



**बदलापुर.** शिवसेना के भिवंडी लोकसभा संयुक्त संपर्क प्रमुख और ठाणे जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष गोटीराम पवार आखिरकार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) में शामिल हो गए हैं। पवार मुरबाड विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा विधायक किसन कथोरे के खिलाफ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इस दाखिले के साथ ही उनकी उम्मीदवारी पर भी मुहर लग गई है. इसलिए यह देखना अहम होगा कि शरद पवार गुट से रुचि रखने वाले बदलापुर के शहर अध्यक्ष शैलेश वडनेरे क्या निर्णय लेते हैं.

ठाणे जिले के मुरबाड विधानसभा क्षेत्र पर कभी कांग्रेस और बाद में एनसीपी का दबदबा था। प्रारंभ में यह निर्वाचन क्षेत्र शांताराम घोलप और बाद में गोटीराम पवार के माध्यम से कांग्रेस और राकांपा के नियंत्रण में रहा। गोटीराम पवार के चार बार विधायक रहने के बाद अब उनके बेटे सुभाष पवार फिर से चुनाव मैदान में उतर रहे हैं. कुछ साल पहले सुभाष पवार एनसीपी से शिवसेना में शामिल हुए थे. इसके बाद शिवसेना ने उन्हें जिला परिषद के उपाध्यक्ष का पद भी दिया. उन्होंने भिवंडी लोकसभा संयुक्त संपर्क प्रमुख का पद भी संभाला। लेकिन इस साल हुए विधानसभा चुनाव में भी यह सीट बीजेपी के खाते में चली गई तो इच्छुक सुभाष पवार के सामने दुविधा खड़ी हो गई.

रविवार को बीजेपी द्वारा अपनी पहली सूची में यहां से विधायक किसन कथोरे की उम्मीदवारी की घोषणा के बाद सुभाष पवार ने साफ कर दिया था कि वह चुनाव लड़ेंगे. इसलिए यह तय माना जा रहा था कि पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) में शामिल होंगे।

इसके मुताबिक, सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, सांसद सुप्रिया सुले, अमोल कोल्हे और पूर्व विधायक गोटीराम पवार की मौजूदगी में सुभाष पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया है. इस स्वीकारोक्ति के साथ ही सूत्रों ने जानकारी दी है कि पवार को पार्टी से नामांकन भी मिल गया है. तो अब किसन कथोरे बनाम सुभाष पवार एक पारंपरिक मुकाबला होने जा रहा है।

# ठाणे से बदलापुर तक होगा CCTV कैमरों का नेटवर्क

**ठाणे.** ठाणे, भिवंडी, उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों में छह हजार से अधिक अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. ठाणे पुलिस ने परियोजना की निविदा प्रक्रिया आयोजित की है और हाल ही में ठेकेदार को कार्य आदेश दिया है। ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने परियोजना कार्यान्वयन समिति की बैठक की और इस परियोजना को शीघ्रता से लागू करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस प्रोजेक्ट के चलते जल्द ही शहरों में सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछा होगा. इस योजना को करीब 570 करोड़ 30 लाख के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है.

ठाणे, भिवंडी, कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर शहर ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इन शहरों में कुल 35 पुलिस स्टेशन हैं। अपराध को रोकने के लिए पुलिस की टीमें और अपराध जांच शाखा के कर्मचारी शहर में लगातार गश्त कर रहे हैं. जनसंख्या की तुलना में पुलिस बल अपर्याप्त है। पिछले कुछ वर्षों से ठाणे कमिश्नरेट क्षेत्र में अपराध दर में वृद्धि हो रही है। बच्चों और महिलाओं के साथ यौन शोषण की घटनाएं लगातार हो रही हैं. साथ ही सोने की चेन की चोरी, डकैती, हत्या, हत्या का प्रयास जैसी घटनाएं भी हो रही हैं।



पुलिस ने ठाणे कमिश्नरेट क्षेत्र के ठाणे, भिवंडी, उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों में 6 हजार 51 सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव तैयार किया था। राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 570 करोड़ 30 लाख का फंड मंजूर किया है. पुलिस ने इस काम के लिए टेंडर प्रक्रिया आयोजित की थी. इस प्रक्रिया में मेसर्स श्री. सिद्धार्थ इंफ्राटेक एंड सर्विसेज प्रा. लिमिटेड और मैसर्स मैट्रिक्स सिक्योरिटी एंड सर्विलांस प्रा. लिमिटेड को काम का ठेका दिया गया है और उन्हें 10 अक्टूबर को वर्क ऑर्डर भी दे दिया गया है।

ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने परियोजना कार्यान्वयन समिति की बैठक की और इस परियोजना को शीघ्रता से लागू करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। ठाणे कलेक्टरेट, ठाणे नगर पालिका, भिवंडी निज़ामपुरा नगर पालिका, उल्हासनगर नगर पालिका, अंबरनाथ और कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद के प्रतिनिधि, सामान्य वितरण विभाग के प्रतिनिधि, ठाणे सहायक पुलिस आयुक्त, ठाणे अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पूर्व और पश्चिम क्षेत्रीय प्रभाग, पुलिस उपायुक्त , ठाणे यातायात विभाग उपस्थित था।

# अंबरनाथ-डोंबिवली हाइवे पर कंटेनर पलटा

- हाइवे पर भारी ट्रैफिक जाम
- वाहन चालक परेशान



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ औद्योगिक क्षेत्र से डोंबिवली की ओर जा रहा एक कंटेनर वसार गांव के पास पलट गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चूंकि हाईवे पर कंक्रीटिंग का काम चल रहा है, इसलिए प्रारंभिक अनुमान है कि चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कंटेनर पलट गया। इस बीच ट्रैफिक पुलिस और हिललाइन पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंच गई है और कंटेनर को हटाने का काम शुरू कर दिया गया.

शुक्रवार को सुबह से ही डोंबिवली-अंबरनाथ हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसी बीच वसार गांव के पास एक कंटेनर पलट गया, जिससे जाम लग गया। इन कंटेनरों में भारी सामग्री होने के कारण कंटेनर को एक तरफ ले जाना भी मुश्किल होता है। इसके चलते इस इलाके में भीषण जाम लग गया.

पिछले कुछ महीनों से चल रहा हाईवे कंक्रीटिंग का काम अभी तक पूरा नहीं होने से हादसों का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे पहले भी इस इलाके में कई हादसे हो चुके हैं.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## आतंकियों ने शुरू की टारगेट किलिंग

जम्मू-कश्मीर में टारगेट अटैक के रूप में आतंकी हमलों की यह नई प्रकृति है, जिसमें आतंक का दायरा फैल रहा है। निश्चित रूप से यह चिंता की बात है और सुरक्षा बलों के साथ सरकार को आतंकवाद के इस नए चेहरे से निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है। कश्मीर में पिछले कुछ समय से, बाहरी राज्यों से गए मजदूरों पर, लक्षित आतंकी हमलों का जो दौर शुरू हुआ है और उसमें जैसी निरंतरता देखी जा रही है, वह अब सरकार और वहां तैनात सुरक्षा बलों के लिए एक जटिल चुनौती बन रही है। गौरतलब है कि शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में एक प्रवासी मजदूर का शव मिला था। रोजी-रोटी की तलाश में बिहार से वहां गए मजदूर को दो गोलियां मारी गई थीं। अनुमान है कि दहशतगर्दों ने टारगेट अटैक की अपनी रणनीति के तहत उस मजदूर की हत्या कर दी।

यों, यह कोई पहली घटना नहीं है, मगर सच यह है कि हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों के शिविरों से लेकर प्रवासी मजदूरों तक के घरों पर हमला करने के पीछे उनकी हताशा दिखती है। हालांकि आतंकवादी गिरोहों से किसी तरह के विवेक की उम्मीद करना बेमानी है, मगर हैरानी की बात यह है कि बेहद कमजोर तबके के ऐसे लोगों को भी मार डालने में वे नहीं हिचकते, जो महज रोजी-रोटी की उम्मीद में अपनी जमीन से उखड़ कर वहां पहुंचे होते हैं।

जम्मू-कश्मीर में टारगेट अटैक के रूप में आतंकी हमलों की यह नई प्रकृति है, जिसमें आतंक का दायरा फैल रहा है। निश्चित रूप से यह चिंता की बात है और सुरक्षा बलों के साथ सरकार को आतंकवाद के इस नए चेहरे से निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है। इस समस्या के जटिल होते जाने की मुख्य वजह यह रही है कि इसके तार सीमा पार के ठिकानों से संचालित संगठनों से जुड़े हैं। वहीं से मिलने वाले संरक्षण और पोषण का नतीजा है कि कभी सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके, तो कभी किसी प्रवासी मजदूर की हत्या कर आतंकी अपनी मौजूदगी दर्शाना चाहते हैं।

हाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद वहां एक चुनी हुई सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है और उसके बाद यह स्वाभाविक उम्मीद जगी है कि वह अपनी सीमा में आतंकवाद और खासतौर पर टारगेट अटैक पर काबू पाने के मामले में सख्त कदम उठाएगी। यही उसकी कसौटी भी है कि इस दिशा में वह क्या कर पाती है।

# देश को नई दिशा दे रही शौचालय क्रांति

स्वच्छता के लिए सबसे महत्वपूर्ण जन आंदोलनों में से एक स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ के 10 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता से संबंधित 10,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाएं शुरू कीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने इस आंदोलन को मिले अपार जनसमर्थन पर प्रकाश डाला और कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक ने इसे अपना मिशन बना लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर वोट लेकर सरकार बनाने वालों ने कभी गंदगी को समस्या माना ही नहीं। सीधे शब्दों में कहें तो अब तक की सरकारों ने स्वच्छता के प्रति उपेक्षा का भाव अपनाया और शौचालयों की कमी को कभी राष्ट्रीय मुद्दा नहीं माना गया।

उल्लेखनीय है कि देश में हरित, श्वेत, पीली, नीली आदि क्रांतियां तो हुईं, लेकिन शौचालय क्रांति की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यही कारण रहा कि आधुनिकता और विकास के तमाम दावों तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में दुनिया भर में अपना लोहा मनवाने वाला भारत ऐसे देशों में अग्रणी रहा, जहां लोग खुले में शौच जाते हैं।

इस मामले में भारत पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका से भी पीछे रहा। यूपीए सरकार ने वर्ष 2012 तक सभी को शौचालय सुविधा मुहैया कराने के लिए देश के सभी जिलों में संपूर्ण स्वच्छता अभियान शुरू किया, लेकिन भ्रष्टाचार, नौकरशाही की




सुस्ती और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण लक्ष्य दूर ही रहा।

इन्हीं परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में लाल किले की प्राचीर से अपने पहले संबोधन में जब स्वच्छ भारत का समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किया, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह लक्ष्य समय से पहले पूरा हो जाएगा। लोग क्या कहेंगे इससे बेपरवाह प्रधानमंत्री मोदी ने "पहले शौचालय फिर देवालय" के अपने एजेंडे को लागू करने के लिए उसी साल महात्मा गांधी की जन्मतिथि अर्थात दो अक्टूबर से स्वच्छ भारत अभियान शुरू करने की घोषणा की।

स्कूलों में छात्राओं के लिए शौचालय बनाने की योजना को 15 अगस्त से ही शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन को एक बड़े जन आंदोलन में बदलने के लिए सफाई मित्रों, धार्मिक गुरुओं, एथलीटों, प्रसिद्ध हस्तियों, गैर सरकारी संगठनों और मीडिया के सहयोग का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने इसके लिए राज्य सरकारों के साथ-साथ निजी क्षेत्र का सहयोग देने के लिए आह्वान किया कि उन्हें सामाजिक दायित्व के तहत शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

शौचालय क्रांति में नवविवाहिताओं की जिद ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री द्वारा शौचालय क्रांति के आह्वान के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में नवविवाहिताओं ने ससुराल के उन घरों में रहने से साफ इन्कार कर दिया जिनमें शौचालय नहीं थे। इससे न केवल संबंधित परिवारों में, बल्कि समाज में भी शौचालय निर्माण के प्रति नई जागरूकता आई। इसका परिणाम यह हुआ कि मात्र 10 वर्षों में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ और महात्मा गांधी की 150वीं जयंती अर्थात दो अक्टूबर, 2019 से पहले ही भारत खुले में शौच से मुक्त देश घोषित हो गया।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार वर्तमान में देश के 82.5 प्रतिशत परिवारों में शौचालय की सुविधा है, जबकि 2004-05 में मात्र 29 प्रतिशत परिवारों में ही शौचालय थे। इससे खुले में शौच में भारी कमी के साथ ही बीमारियों का खतरा भी कम हुआ है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में गिरावट आई है। स्वच्छता अभियान हर साल 60-70 हजार बच्चों को डायरिया के कारण मौत के मुंह में जाने से बचा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार साल 2014 से 2019 के बीच तीन लाख लोगों की जान बचाई गई, जो डायरिया के कारण गंवा दी जाती। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार अब देश की 90 प्रतिशत महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन के कारण महिलाओं में संक्रमण से होने वाली बीमारियों में भी काफी कमी आई है। इसके अलावा लाखों स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग से शौचालय बनने से उनके स्कूल छोड़ने की दर में कमी आई है।





विज्ञान और अध्यात्म के मूल में एक साँझेदारी है जो समान प्रश्नों के उत्तर ढूंढती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अमेरिका का दोहरा चरित्र आया सामने

कनाडा के बाद अब अमेरिका ने भारत द्वारा घोषित एक आतंकी और खालिस्तान समर्थक को लेकर विवाद खड़ा करने की कोशिश की है। वहां की खुफिया एजंसी एफबीआइ ने गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एक भारतीय नागरिक को अति वांछित घोषित किया है। इससे संबंधित एक सचित्र पोस्टर भी जारी कर दिया है। एफबीआइ ने उसे भारतीय खुफिया एजंसी 'रा' का एजंट बताया है। उसके खिलाफ न्यूयार्क की एक अदालत में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। हालांकि भारत सरकार ने एफबीआइ के इस आरोप का खंडन करते हुए कहा है कि वह व्यक्ति अब भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। कुछ समय पहले अमेरिका के सुरक्षा विभाग ने आरोप लगाया था कि दो भारतीय नागरिकों ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी, उसे मारने के लिए निशानेबाजों को पैसे भी दिए थे। इस संबंध में भारत और अमेरिका के सुरक्षा अधिकारियों की परस्पर बातचीत भी हुई, मगर अमेरिका अपने रुख पर अड़ा हुआ है कि इस तरह किसी दूसरे देश के नागरिक उसके देश में घुस कर उसी के नागरिक की हत्या की साजिश रचेंगे, तो यह अक्षम्य अपराध है। जिन दो भारतीय नागरिकों को साजिशकर्ता बताया गया है, उन पर मनी लांड्रिंग और गलत तरीके से धन की लेनदेन का भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

कनाडा का आरोप है कि उसके एक नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजंसियों के लोग शामिल थे। यहां तक कि उसने कनाडा में भारतीय दूतावास के अधिकारियों को भी इस साजिश में शामिल बता दिया। इसे लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया



और भारत ने कड़ा कदम उठाते हुए कनाडा से अपने सभी दूतों को वापस बुला लिया और कनाडा के दूतों को वापस भेज दिया। अब पन्नू मामले को तूल देकर एक तरह से अमेरिका कनाडा के साथ खड़ा हो गया है।

### भारत पन्नू को घोषित कर चुका है आतंकी

इन दोनों देशों की अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता एक बात है, मगर उनके ताजा रुख से आतंकवाद को लेकर उनका दोहरा रवैया ही पता चलता है। विश्व व्यापार केंद्र पर आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने दुनिया भर के देशों से अपील की थी कि वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों। भारत शुरू से अमेरिका की इस मुहिम में साथ खड़ा रहा है। मगर विचित्र है कि भारत ने जिन आतंकियों को वांछित घोषित कर रखा है, उनके खिलाफ न तो कनाडा ने कभी सकारात्मक रुख दिखाया और न अमेरिका ने। जिस पन्नू को लेकर अमेरिका नागरिक अधिकारों की सुरक्षा का परचम फहरा रहा है, वह भारत का घोषित आतंकी है।

यह कोई नई बात नहीं है कि कई देश अपने यहां आतंकवादी गतिविधियां संचालित करने वालों के खिलाफ दूसरे देशों में भी घुस कर अभियान चलाते रहे हैं। अमेरिका खुद अपने घोषित आतंकियों की पहचान कर दूसरे देशों की जमीन पर उन्हें मार चुका है। वह बड़े गर्व से इसका बखान भी करता रहा है, चाहे वह लादेन रहा हो, अल-जवाहिरी या कासिम सुलामानी। इजराइल भी यही काम करता रहा है।

भारत तो उनसे अपने आतंकियों के खिलाफ उनसे कार्रवाई की मांग करता रहा है, उस पर ध्यान देना उन्हें जरूरी नहीं लगता। पन्नू मामले को इतना तूल देकर आखिर अमेरिका ने यही साबित किया है कि दूसरे देशों के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वालों के प्रति उसका रवैया नरम है। उसके इस रुख से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और कमजोर होगी।

# दुनिया का आखिरी देश, जहां खत्म हो जाती है धरती


क्या आप जानते हैं कि जिस दुनिया में हम रहते हैं वह कहां खत्म होती है? इस रिपोर्ट में हम आपको दुनिया के आखिरी देश के बारे में बताएंगे, जहां पृथ्वी खत्म हो जाती है. इसी देश में वो आखिरी सड़क भी है, जिसके आगे सिर्फ पानी ही पानी है.

क्या आपने कभी सोचा है कि दुनिया कहां समाप्त होती है? आप जिस दुनिया में रहते हैं उसका अंत कहां होता है? हम जानते हैं कि अब आप इस सवाल का जवाब पाने के लिए उत्सुक हैं और इंटरनेट पर इसका जवाब ढूंढने की सोच रहे हैं, तो रुकिए, हम आपको इसके बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं.

**जरा हट के**

पृथ्वी के बारे में ऐसी कई बातें हैं, जिनसे लोग अनजान हैं. पृथ्वी के दो छोर हैं- दक्षिणी ध्रुव और उत्तरी ध्रुव, जिनके बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया का आखिरी देश कौन सा है? अगर नहीं तो आइए जानते हैं.

ऐसा कहा जाता है कि यूरोप



में नॉर्वे दुनिया का आखिरी देश है, जहां धरती खत्म हो जाती है. नॉर्वे में एक ऐसी सड़क है, जिसे दुनिया की आखिरी सड़क माना जाता है. इसे अंग्रेजी में लास्ट रोड ऑफ द वर्ल्ड भी कहा जाता है. ऐसा कहा जाता है कि इस सड़क के बाद धरती नहीं, बल्कि सिर्फ पानी ही पानी है.

दुनिया की आखिरी सड़क कही जाने वाली नॉर्वे की इस सड़क का नाम E-69 हाईवे है. जैसा कि कई शोधों में दावा किया गया है कि इस सड़क के पार कुछ भी नहीं है. E-69 राजमार्ग के समाप्त होने के बाद, केवल ग्लेशियर और समुद्र दिखाई देते हैं. इसके अलावा आगे देखने लायक और कुछ नहीं है. जहां तक E69 राजमार्ग की लंबाई की बात है, यह 14 किलोमीटर लंबी सड़क है, जो अक्सर बर्फ की मोटी चादर से ढकी रहती है. ऐसा माना जाता है कि इस हाईवे पर कई ऐसी जगहें हैं, जहां अकेले चलना और गाड़ी चलाना मना है.

# अक्की रोटी

खाना-खजाना

नाश्ते में कुछ नया और टेस्टी बनाना चाहते हैं तो अक्की रोटी बना सकते हैं। ये एक पारंपरिक और फेमस डिश है, जिसे चावल के आटे से तैयार किया जा सकता है। कर्नाटक समेत दक्षिण भारत के कई हिस्सों में सुबह के नाश्ते का अहम हिस्सा है। इस रोटी को तीखी लाल चटनी के साथ या नारियल की चटनी के साथ परोसा जाता है। इसमें सब्जियों का इस्तेमाल भी किया जाता है ऐसे में ये काफी पौष्टिक भी मानी जाती है। आइए, जानते हैं नाश्ते में कैसे बनाएं अक्की रोटी।

**सामग्री :**

- 4 कप चावल का आटा
- 2 प्याज, बारीक कटा हुआ
- 4 बड़े चम्मच सोया की पत्तियां
- 4 बड़े चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया
- 4 बड़े चम्मच बारीत कटा करी पत्ता
- 2 इंच कसा हुआ अदरक
- 4 बारीक कटी हुई मिर्च
- 2 चम्मच जीरा
- स्वाद के मुताबिक नमक
- आवश्यकतानुसार पानी
- घी



**कैसे बनाएं :**

अक्की रोटी बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े कटोरे में 2 कप चावल का आटा लें फिर प्याज, सोया पत्ते, 2 बड़े चम्मच धनिया और 2 बड़े चम्मच करी पत्ता डालें। अब इसमें अदरक, हरी मिर्च, जीरा और नमक डालें। अब जरूरत के हिसाब से पानी डालें और आटा मिलाना शुरू करें। ध्यान रखें कि बिना ज्यादा दबाव डाले चिकना और नरम आटा गूंथना है। अक्की रोटी का आटा तैयार करन के बाद अलग रख दें। फिर भारी तले वाले तवे पर 1 छोटी चम्मच घी लगाकर चिकना कर लें। गेंद के आकार का आटा लें और धीरे से थपथपाकर पतला करें। तवे को मध्यम आंच पर रखें और फिर रोटी तवे पर डालें और एक चम्मच घी डालकर दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक पकाएं। रोटी तैयार है इसे चटनी के साथ सर्व करें। आप इसके आटे में गाजर का इस्तेमाल कद्दूकस करने के बाद कर सकते हैं।

# ज्यादातर भारतीय खा रहे हैं तय मात्रा से अधिक नमक

### जानिए क्या हो सकते हैं इसके नुकसान

हाई सोडियम (नमक) वाली चीजों को सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक माना जाता रहा है। अध्ययनों से पता चलता है कि नमक वाली चीजों के अधिक सेवन के कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा रहता है जिसे हृदय रोगों का प्रमुख कारण माना जाता है। पर इसके नुकसान सिर्फ हृदय रोगों तक ही सीमित नहीं हैं, ये आदत आपमें किडनी की बीमारी, हड्डियों की कमजोरी को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। यानी शरीर को स्वस्थ और फिट रखना है तो आहार में नमक की मात्रा कम करना बहुत जरूरी है।

ज्यादा नमक खाने के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं और इससे बचाव के लिए सबसे पहले ये जानना जरूरी है कि हमें कितनी मात्रा में नमक खाना चाहिए? और कितना नमक नुकसानदायक हो सकता है।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में ज्यादातर लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित मात्रा से दो-तीन गुना अधिक नमक खाते हैं। कहीं आप भी तो बहुत अधिक नमक का सेवन नहीं कर रहे हैं?



### कितना नमक खाना सेहत के लिए ठीक है?

डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ कहते हैं, अच्छी सेहत के लिए वयस्कों को दिनभर में 4-5 ग्राम से अधिक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। ये मात्रा एक चम्मच नमक के बराबर है।यहां समझना जरूरी है कि नमक के सेवन का मतलब सिर्फ भोजन में डालने वाले नमक से नहीं है। चिप्स, नमकीन, पैक्ड फू*, जंक फूड आदि में भी नमक की अधिक मात्रा होती है। इन सभी चीजों को मिलाकर एक दिन में एक टेबलस्पून से अधिक नमक नहीं खाना चाहिए।

### भारत में नमक की खपत अधिक

इसी साल मई में प्रकाशित डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट में चिंता जताते हुए विशेषज्ञों ने कहा था कि भारतीय लोग तय मात्रा से बहुत अधिक नमक का सेवन करते हैं। रिपोर्ट में भारत को अत्यधिक नमक की खपत वाले शीर्ष 50 देशों में रखा गया है। स्वस्थ शरीर के लिए आदर्श मात्रा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 5 ग्राम तक है, जबकि ज्यादातर लोग प्रतिदिन 11 ग्राम से अधिक नमक खाते हैं। सोडियम वाली चीजों के अधिक सेवन के कारण हृदय रोग, गैस्ट्रिक कैंसर, मोटापा, ऑस्टियोपोरोसिस और गुर्दे की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### बढ़ता जा रहा है हाई ब्लड प्रेशर का खतरा

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट कहती है, हर चार में से एक व्यक्ति हाइपरटेंशन का शिकार हो सकता है। हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर को हृदय रोगों के लिए प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है। डॉक्टर कहते हैं, आहार में नमक की मात्रा कम करके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखा जा सकता है। इस एक आदत में सुधार करके आप हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं से भी बचे रह सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि ज्यादातर लोग भोजन में तो नमक कम कर लेते हैं पर 70 प्रतिशत नमक की मात्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और चिप्स-नमकीन जैसी चीजों में हो सकती है, जिससे अधिकतर लोग अनजान होते हैं।

### कैसे जानें कहीं आप भी तो नहीं खा रहे हैं ज्यादा नमक?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, बहुत ज्यादा नमक खाने के कारण आपको फौरी तौर पर कुछ लक्षणों का अनुभव हो सकता है, जिसपर ध्यान देना आवश्यक हो जाता है। ज्यादा नमक वाली चीजों के सेवन के कारण आपको पेट फूलने, ब्लड प्रेशर बढ़े रहने, पैरों में सूजन, बहुत अधिक प्यास लगने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। अगर आपको भी इस तरह की दिक्कतों का अनुभव होता है तो नमक या वो चीजें खाना कम कर दें जिनमें नमक की अधिकता हो सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। क्लेश संभव है।

**वृषभ :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन :** पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**कर्क :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह :** कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कन्या :** वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी।

**तुला :** शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा।

**वृश्चिक :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें।

**धनु :** किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर :** पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी।

**कुंभ :** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**मीन :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मेथी में छिपा है हेल्दी बालों का राज

### बेस्ट रिजल्ट चाहिए तो इस तरह करें हेयर केयर में शामिल

### हफ्तेभर में दिखेगा असर



कमजोर, बेजान और गिरते बाल. आज की सबसे बड़ी चुनौती बन गई है. बदलती लाइफस्टाइल, प्रदूषण और केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के कारण बालों की ऐसी समस्याएं आम हो गई हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी किचन में मौजूद एक साधारण सा मसाला, मेथी, आपके बालों की सेहत को सुधारने के लिए क्या-क्या कर सकता है? जी हां, मेथी के बीज को अगर आप बालों की जड़ों में लगाएं तो यह, न सिर्फ बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है, बल्कि डैंड्रफ, बालों के झड़ने और समय से पहले सफेद होने जैसी समस्याओं से भी निजात दिलाता है. आइए जानते हैं कि मेथी को किस तरह से हेयर केयर रूटीन में शामिल कर आप बेस्ट रिजल्ट पा सकते हैं.

**हेयर मास्क में मेथी का उपयोग-**

मेथी को अगर आप हेयर केयर में शामिल करना चाहते हैं तो इसका सबसे आसान और प्रभावशाली तरीका है हेयर मास्क बनाना. इसके लिए 2-3 बड़े चम्मच मेथी के बीजों को रातभर पानी में भिगो दें. सुबह इन्हें पीसकर पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को बालों की जड़ों और स्कैल्प पर लगाएं और 40 मिनट के बाद बालों को माइल्ड शैम्पू से धो लें. यह मास्क बालों को गहराई से पोषण देगा और उन्हें मुलायम व चमकदार बनाएगा.

**मेथी और नारियल तेल से मसाज-**

आप 2 चम्मच मेथी पाउडर को 1 कप नारियल तेल में मिलाकर गर्म करें. अब इस मिश्रण को थोड़ा ठंडा होने दें. फिर इसे बालों की जड़ों में लगाएं और इससे मालिश करें. कुछ घंटे बाद बालों को धो लें. यह बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है और उन्हें मजबूत बनाता है.

**मेथी का शैंपू में उपयोग-**

अगर आप अपने रेगुलर शैम्पू में थोड़ा सा मेथी पाउडर मिलाएं और इसे बालों पर इस्तेमाल करें तो स्कैल्प को हेल्दी रखता है और बालों को अतिरिक्त पोषण देता है. इस तरह अगर आप मेथी को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करें तो बालों की समस्याएं आसानी से दूर होंगी और कुछ ही हफ्तों में बेहतरीन रिजल्ट मिलेगा.

# ब्रेन को शार्प बनाता है योगासन

### यादाश्त तेज करने के लिए ऐसे करें अभ्यास

अगर आप भी अकसर चीजें रखकर भूल जाते हैं या फिर किसी बात को याद करने में आपको काफी समय लगता है तो आपको अपने रूटीन में यह योगासन शामिल कर लेना चाहिए। आयुर्वेद में दिमाग तेज करने के लिए योग करने की सलाह दी जाती है। योग का नियमित अभ्यास ना सिर्फ शारीरिक समस्याओं से छुटकारा दिलाता है बल्कि कई तरह की मानसिक समस्याओं से भी निजात दिलाने में मदद करता है। आइए जानते हैं ब्रेन को शार्प बनाए रखने के लिए आपको अपने रूटीन में कौन सा योगासन शामिल करना चाहिए।



**सर्वांगासन योग**

अगर आप अपनी एकाग्रता में सुधार करना चाहते हैं तो सर्वांगासन का नियमित अभ्यास आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। सर्वांगासन शरीर के सभी चक्रों और अंगों को संलग्न करके दिमाग को शक्ति देने और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। छात्रों के लिए सर्वांगासन का अभ्यास खासतौर पर फायदेमंद है। सर्वांगासन करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ के बल लेटकर एक साथ, अपने पैरों, कूल्हे और फिर कमर को उठाते हुए शरीर का सारा भार आपके कंधों पर डालकर अपनी पीठ को अपने हाथों से सहारा दें। इसके बाद अपनी कोहनियों को पास में लाकर हाथों को पीठ के साथ रखें, कंधों को सहारा देकर रखें। ऐसा करते हुए कोहनियों को जमीन की तरफ दबाते हुए हाथों को कमर पर रखते हुए, अपनी कमर और पैरों को सीधा रखें। शरीर का पूरा भार कंधों और हाथों के ऊपरी हिस्से पर होना चाहिए। ऐसा करते हुए अपने पैरों को सीधा व मजबूत रखें। अपने पैर कि एड़ी को इस तरह ऊंचा रखें जैसे आप छत को छूना चाहते हो। अपनी पैरों कि उंगलियों को नाक की सीध में लें आयें। अपनी गर्दन पर ध्यान दे, उसको जमीन पर न दबाएं। अपनी गर्दन को मजबूत रखें और उसकी मांसपेशियों को सिकोड़ लें। अपनी छाती को ठोड़ी से लगा लें। यदि गर्दन में तनाव महसूस हो रहा है तो आसन से बहार आ जाएं। लंबी गहरी सांस लेते हुए 30-60 सेकेंड तक आसन में ही बने रहें। इसके बाद आसन से बहार आने के लिए, घुटनो को धीरे से माथे के पास लाते हुए हाथों को जमीन पर रखें। बिना सिर उठाए धीरे-धीरे कमर को नीचे लें कर आए और पैरों को जमीन पर रखें। अब विश्राम करें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### गेहूं संग बोरी में भेज रहे थे मिट्टी, 3 अधिकारी सस्पेंड

**शाहजहांपुर.** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में सरकारी राशन की दुकानों को गेहूं के बोरों में मिट्टी मिलाकर भेजने का खुलासा हुआ है। जांच के बाद शिकायत सही मिलने पर तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। तीन अन्य के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सरकारी राशन वितरण के कई दुकानदारों ने खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा भेजे जाने वाले अनाज में मिट्टी मिलाये जाने की शिकायत की थी जिसकी जांच जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा की अगुवाई में तीन सदस्यीय टीम को सौंपी गई।

### चलती बस में तमंचा फायर, 10वीं के दो छात्रों को लगी गोली; पुलिस पहुंची तो खुला बड़ा राज

**मेरठ.** यूपी में मेरठ के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में मेट्रो प्लाजा के सामने चलती बस में तमंचा चेक करते हुए फैज-ए-आम कॉलेज के दो छात्रों को गोली लग गई। एक को हाथ और दूसरे को जांघ में गोली लगी। पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरूआत में घायलों ने आरोप लगाया कि कॉलेज के ही 10वीं कक्षा के छात्रों ने हमला किया था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि घायल छात्र ही तमंचा लेकर आए थे और बस में चेक कर रहे थे। इसी दौरान गोली चली और दोनों घायल हो गए। फिलहाल पुलिस मामले में अपनी ओर से मुकदमा दर्ज कर रही है।

### कॉलेज प्रिंसिपल की गोलियां मारकर हत्या

**भदोही.** भदोही में नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल की हत्या हो गई। बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रास्ते में घेरकर कार रुकवाई ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोली मारने से पहले बदमाशों ने मोबाइल पर प्रिंसिपल को किसी की फोटो भी दिखाई। इस वारदात को क्यों अंजाम दिया गया है यह अभी तक साफ नहीं है। मौके पर हालात का जायजा लेने के साथ ही पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। भदोही के शहर कोतवाली क्षेत्र के बसावनपुर तालाब के पास यह वारदात हुई है।

### हिस्ट्रीशीटर की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**शामली.** यूपी के शामली में झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव अलाउद्दीनपुर में देर रात एक हिस्ट्रीशीटर ने दूसरे हिस्ट्रीशीटर की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। सूचना पर एसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। आरोपी की तलाश की जा रही है। थाना क्षेत्र के गांव अलाउद्दीनपुर में 50 वर्षीय दरिया सिंह झिझना थाने का हिस्ट्रीशीटर रहा है। दरिया सिंह अपने घर के बाहर बैठा था। बताया जा रहा है कि पड़ोसी रवि से किसी बात को कहासुनी हुई। पड़ोसी रवि भी हिस्ट्रीशीटर है। कहासुनी होने पर रवि ने दरियाव सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

# मदरसे बंद करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

- गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स का सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर भी नहीं होगा
- केंद्र-राज्य सरकारों को नोटिस



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मदरसों को लेकर दो फैसले दिए। पहला- केंद्र और राज्य सरकारों के सरकारी मदरसों को बंद करने के फैसले पर रोक लगा दी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) ने 7 जून और 25 जून को राज्यों को इससे संबंधित सिफारिश की थी। केंद्र ने इसका समर्थन करते हुए राज्यों से इस पर एक्शन लेने को कहा था।

दूसरा- कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकार के उस आदेश पर भी रोक लगाई, जिसमें मदरसों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को सरकारी स्कूल में ट्रांसफर करना था। इसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के साथ-साथ सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स शामिल हैं।

चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने केंद्र सरकार, NCPCR और सभी राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा।

बेंच ने कहा कि यह रोक अंतरिम है। जब तक मामले पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक राज्य मदरसों पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। बेंच ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद को उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलावा अन्य राज्यों को भी याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी।

### NCPCR ने कहा- मदरसों में शिक्षा के अधिकार कानून का पालन नहीं हो रहा

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (**NCPCR**) ने 12 अक्टूबर को कहा था कि 'राइट टु एजुकेशन एक्ट 2009' का पालन नहीं करने वाले मदरसों की मान्यता रद्द हो और इनकी जांच की जाए। **NCPCR** ने सभी राज्यों को लेटर लिखकर कहा था कि मदरसों को दिया जाने वाला फंड बंद कर देना चाहिए। ये राइट-टु-एजुकेशन (**RTE**) नियमों का पालन नहीं करते हैं।

# 'कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा'

## हिन्दुस्तान से दोस्ती करनी है तो...; गांदरबल हमले पर भड़के फारूक अब्दुल्ला



**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर में गांदरबल के गगनगीर में हुए आतंकी हमले पर JKNC प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा। अब्दुल्ला ने कहा, 'यह बहुत ही दर्दनाक घटना है। इन दरिंदों को इससे क्या मिलेगा। क्या वो समझते हैं इससे यहां पाकिस्तान बनेगा? मैं पाकिस्तान के हुक्मरानों से कहना चाहता हूं कि अगर वे सच में हिन्दुस्तान के साथ दोस्ती चाहते हैं तो ये बंद करें। कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा। हमें मेहरबानी करके इज्जत से रहने दीजिए। तरक्की करने दीजिए। कब तक आप लोग हमें मुसीबत में डालते रहेंगे।'

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरंग निर्माण स्थल पर रविवार शाम को आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें एक डॉक्टर और 6 श्रमिकों की मौत हो गई।

आतंकी हमले पर जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा, 'पाकिस्तान की तरफ से लगातार जम्मू-कश्मीर के अमन, शांति और खुशहाली में ख़लल डालने की बार-बार कोशिश होती है। हमारे जवान पाकिस्तान की हर साजिश और हर आतंकी घटना को विफल करेंगे। सोनमर्ग में निर्दोष कारीगरों की हत्या आतंकवादियों ने की है। ये मानवता की हत्या है। जिन्होंने ये अपराध किया है, उन्हें जल्द उनके अपराधों की सजा मिलेगी।'

### 'नई सरकार के गठन के तुरंत बाद इस तरह की घटना'

गांदरबल हमले को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान राज्य की नई सरकार से जोड़ते नजर आए। उन्होंने कहा, 'जिस तरीके से यह हमला हुआ है, यह चिंता की बात है। केंद्र सरकार की नजर इस पर है। नई सरकार के गठन के तुरंत बाद इस तरह की घटना फिर से शुरू हुई हैं। इससे कहीं ना कहीं सवाल खड़ा होता है। राज्य सरकार को भी गंभीरता से इसको देखने की जरूरत है।'

# गुजरात के अंकलेश्वर में 250 करोड़ की ड्रग्स जब्त

- 7 दिन पहले ही इसी फैक्ट्री से पास से जब्त की गई थी 5000 करोड़ की कोकीन

**अंकलेश्वर.** अंकलेश्वर जीआईडीसी से एक बार फिर भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त की गई है। सूरत और भरूच पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में सोमवार की देर रात अंकलेश्वर की अवसर एंटरप्राइजेस नाम की फैक्ट्री पर छापा मारकर 250 करोड़ रुपए कीमत की ड्रग्स जब्त की। इस मामले में पुलिस ने फैक्ट्री मैनेजर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि 7 दिन पहले भी इसी फैक्ट्री के पास दूसरी फैक्ट्री से 5000 करोड़ की ड्रग्स जब्त की गई थी।

हाल ही में सूरत क्राइम ब्रांच ने 2 करोड़ रुपए कीमत की 2100 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। तीनों ने पूछताछ में बताया था कि उन्हें ड्रग्स की डिलीवरी अंकलेश्वर की अवसर एंटरप्राइजेज से हुई है। इसके बाद पुलिस ने भरूच पुलिस के साथ जॉइंट ऑपरेशन में फैक्ट्री पर छापेमारी की। हालांकि, कंपनी का मालिक विदेश में रहता है, जिससे पूछताछ की जा रही है। कंपनी में केमिकल तैयार होता है और इसी की आड़ में ड्रग्स तैयार की जा रही थी।

# जस्टिस गवई बोले- जज नेता की प्रशंसा न करें

## इससे लोगों का ज्यूडिशियरी से भरोसा उठता है, चुनाव लड़ने से भी निष्पक्षता पर भी सवाल

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि बेंच पर और बेंच से बाहर जज का व्यवहार ज्यूडिशियल एथिक्स के हाई स्टैंडर्ड के मुताबिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पद पर रहते हुए और शिष्टाचार के दायरे से बाहर जज के किसी राजनेता या नौकरशाह की प्रशंसा करने से पूरी न्यायपालिका में लोगों का भरोसा प्रभावित हो सकता है।

चुनाव लड़ने के लिए किसी जज का इस्तीफा देना निष्पक्षता को लेकर लोगों की धारणा को प्रभावित कर सकता है। ज्यूडिशियल एथिक्स और ईमानदारी ऐसे



बुनियादी स्तंभ हैं जो कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता को बनाए रखते हैं।

जस्टिस गवई ने उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के एक जस्टिस को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की आलोचना करने वाली टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी पड़ी थी।

जस्टिस गवई ने 19 अक्टूबर को गुजरात के अहमदाबाद में यह बात कही। वे यहां न्यायिक अधिकारियों के लिए हुए वार्षिक सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। हालांकि, इसकी जानकारी 20 अक्टूबर को सामने आई।

# आतंकी पन्नू ने दी एअर इंडिया विमान में विस्फोट की धमकी




- कहा- 1 से 19 नवंबर तक सफर ना करें, 1984 के सिख दंगों का बदला लेंगे

अमेरिका में रह रहे सिख फॉर जस्टिस (SFJ) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एअर इंडिया में बम विस्फोट की धमकी दी है। आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी कर इससे 1984 के सिख दंगों का बदला लेने की बात कही। उसने लोगों को एअर इंडिया में सफर न करने की सलाह दी।

पन्नू ने कहा- "नवंबर में 1984 में हुए सिख दंगे की 40वीं बरसी है। 1984 में 13 हजार से अधिक सिख, महिलाओं और बच्चों को मार दिया गया। आज भी दिल्ली में विधवा कॉलोनी है। ये पूरी घटना भारतीय हुकूमत के द्वारा की गई थी। विदेशों में यात्रा करने वाले लोग 1 से लेकर 19 नवंबर तक एअर इंडिया का बायकॉट करें। पायलट्स को धमकाया कि बोर्ड पर संदिग्ध बम हो सकता है।

पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में हरियाणा के रहने वाले विकास यादव को अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने मोस्ट वांटेड करार दिया है। FBI ने विकास को भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी बताया।

### दिल्ली स्कूल ब्लास्ट- पॉलीथिन में विस्फोटक रखा था

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 14 में CRPF स्कूल के पास हुए धमाके में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि स्कूल की दीवार के पास पॉलीथिन बैग में विस्फोटक रखा गया था। बैग को 1 फीट गहरे गड्ढे में छिपाकर रखा गया। इसके बाद इसे कचरे से ढका गया, ताकि यह किसी की नजर में न आ सके।

इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने आसपास लगे CCTV फुटेज भी चेक किए। 1 दिन पहले के फुटेज में दिल्ली पुलिस को दीवार के पास एक सफेद टी-शर्ट पहने शख्स दिखाई दिया। पुलिस इस संदिग्ध शख्स की तलाश में जुटी हुई है। प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह करीब 7:30 बजे हुए इस धमाके में कोई घायल नहीं हुआ था, लेकिन फेस्टिवल सीजन में हुई इस घटना को सुरक्षा एजेंसियों ने गंभीरता से लिया है। जांच के 4 एजेंसियां एक साथ काम कर रही है।

IED मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के CRPF अधिकारियों ने ग्राउंड असेसमेंट किया है।


# चंद्रबाबू बोले- लोग ज्यादा बच्चे पैदा करें

## जिनके 2 से ज्यादा बच्चे, भविष्य में वही चुनाव लड़ेंगे

- आंध्र में कई जिले ऐसे, जहां सिर्फ बुजुर्ग

**अमरावती.** आंध्र प्रदेश के CM एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य में लोगों की बढ़ती औसत उम्र चिंता का विषय है। परिवारों को कम से कम दो या उससे ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। आने वाले समय में जिनके दो या उससे ज्यादा बच्चे होंगे, वहीं स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे। राज्य सरकार इसके लिए जल्द ही कानून बनाएगी।

नायडू ने आगे कहा कि आंध्र प्रदेश के कई जिले ऐसे हैं, जहां गांवों में सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। साउथ के राज्यों में फर्टिलिटी रेट लगातार गिरता जा रहा है। देश में औसत प्रजनन दर जहां 2.1 है, वहीं साउथ स्टेट्स में यह आंकड़ा



गिरकर 1.6 तक पहुंच गया है। CM ने कहा, पहले वह पॉपुलेशन कंट्रोल की बात करते थे, लेकिन अब स्थिति बदल गई है।

### बूढ़ा हो रहा भारत, युवा आबादी घट रही

केंद्र की यूथ इन इंडिया-2022 रिपोर्ट के मुताबिक 2036 तक देश की 34.55 करोड़ आबादी ही युवा होगी, जो अभी 47% से ज्यादा है। अभी देश में 25 करोड़ युवा 15 से 25 साल के बीच के हैं। अगले 15 साल में यह और तेजी से गिरेगी।

### 2036 तक आबादी में 12% से ज्यादा होंगे बुजुर्ग

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 की मानें तो 2011 में भारत में युवा आबादी की औसत उम्र 24 साल थी, जो अब 29 साल हो गई है। 2036 तक भारत में बुजुर्ग जनसंख्या का 12.5%, 2050 तक 19.4% तो सदी के अंत तक 36% होंगे।

### क्या होती है फर्टिलिटी रेट

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (NFHS-5) के मुताबिक, भारत में हर महिला औसतन दो या उससे ज्यादा बच्चे को जन्म देती है। हालांकि, इनमें से कई बच्चे ऐसे हैं जो 18 साल तक जीवित नहीं रहते। वहीं कुछ महिलाएं बच्चे पैदा नहीं कर पातीं।

# बम की अफवाहें फैलाने वालों को मिलेगी उम्रकैद

- मंत्री ने बताया पूरा प्लान

**नई दिल्ली.** विमान में बम है! ऐसी धमकियां आजकल आए दिन मिल रही हैं। इनके चलते एयरपोर्ट अथॉरिटीज को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है।

कई बार फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिंग कराकर चेकिंग होती है तो कभी फ्लाइट्स के टेकऑफ से पहले ही घंटों जांच होती है। ऐसे मामलों को लेकर अब सरकार भी सख्त रुख अपना सकती है। सोमवार को उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि अफवाह फैलाने लोगों पर कड़ा ऐक्शन होना चाहिए। ऐसे मामलों को संज्ञेय अपराध माना जाए। इसके अलावा उन्हें नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जाए यानी उनके उड़ान भरने पर हमेशा के लिए रोक लगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक कानून बनना चाहिए, जिसमें अफवाहें फैलाने के लिए उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान हो।

# वॉशिंगटन सुंदर दूसरे-तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल

- BCCI ने दी जानकारी
- न्यूजीलैंड टीम पहला मैच 8 विकेट से जीती

**न्यू**जीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड में बदलाव हुआ है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। BCCI ने रविवार को यह जानकारी दी। सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम से जुड़ेंगे।

भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आई




है। दूसरा मैच 24 अक्टूबर से पुणे में और तीसरा 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।

- वाशिंगटन सुंदर का टेस्ट करियर

25 साल के सुंदर ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक अपने करियर में कुल 4 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 265 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए।

### सुंदर चौथे ऑलराउंडर के रूप में टीम से जुड़े

16 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में अब 4 ऑलराउंडर्स हैं। सुंदर से पहले टीम में रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल शामिल थे। हालांकि BCCI ने यह नहीं बताया कि टीम में चौथे ऑलराउंडर को क्यों शामिल किया गया है।

### भारत की अपडेट टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और वॉशिंगटन सुंदर।

### न्यूजीलैंड का स्क्वॉड

टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल (पहले टेस्ट के लिए), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, विलियम ओरूर्क, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी (दूसरा और तीसरा टेस्ट), टिम साउदी, केन विलियमसन और विल यंग।

### वकालत कर लो या पत्रकारिता, डबल रोल करने नहीं दे सकते

#### क्यों भड़क गए SC जज?

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया है कि एक वकील वकालत के पेशे में रहते हुए पत्रकारिता जैसे पेशे की दोहरी भूमिका कैसे निभा सकता है, जबकि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों के मुताबिक दोहरी भूमिका निभाना प्रतिबंधित है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दो टूक लहजे में कहा कि किसी भी वकील को डबल रोल निभाने की इजाजत नहीं दे सकते हैं। पिछली सुनवाई में भी कोर्ट ने वकील के डबल रोल पर सवाल उठाए थे और इसे व्यावसायिक कदाचार बताया था।

आज फिर जब उस मामले की सुनवाई शुरू हुई तो जस्टिस ओका ने कहा, ₹आप या तो वकालत कर लीजिए या फिर पत्रकारिता। हम इस तरह की प्रैक्टिस की अनुमति नहीं देंगे।₹ कोर्ट ने आरोपी अधिवक्ता से कहा, जो उस समय एक पत्रकार के तौर पर भी काम कर रहा था, जब बार काउंसिल के नियमों में ऐसी दोहरी भूमिकाएं निभाने पर प्रतिबंध है तो आपको हम इसकी इजाजत कैसे दे सकते हैं।

जस्टिस ओका ने कहा, ₹हम ऐसी दोहरी भूमिका की अनुमति नहीं दे सकते। यह एक नेक पेशा है। आप यह भी नहीं कह सकते कि एक स्वतंत्र पत्रकार हैं।₹ इसके बाद पीठ ने अधिवक्ता-सह-पत्रकार की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नया नोटिस जारी किया। यह मामला मोहम्मद कामरान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य का है।


### आम सूचना

मैं श्री अशीश रामजस गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 301, 3रा माला, साईबाबा नगर, बिल्डिंग नं. 1, कल्याण अंबरनाथ रोड, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 29सीओ005313300) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनिष रामजस गुप्ता के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 18.10.2024 सी.नं. 2142 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अशीश रामजस गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्री अमोल अनंत गायकवाड सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, आजाद नगर, खेमाणी स्कूल के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 25बीओ021169200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मनिषा ओमप्रकाश शर्मा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.10.2024 सी.नं. 4908/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अमोल अनंत गायकवाड**

### आम सूचना

मैं श्रीमती सपना राजेश बठीजा सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 6-ए, 2रा माला, न्यू शालीमार को.आप. हाउसिंग सो. स्टेयरकेस ए, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 11बीआय015120400) उक्त प्रॉपर्टी श्री राहुल राजेश बठीजा व श्री जय राजेश बठीजा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.8.2024 सी.नं. 1424 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सपना राजेश बठीजा**

### आम सूचना

मैं श्रीमती दिलराज सुदामा यादव सभी को सूचित कर रही हूं कि हाऊस. 404.5 चौ.फुट, बैरक नं. 119 के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एओ014330800) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेंद्र प्रसाद सुदामा यादव और अन्य तीन जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 18.10.2024 सी.नं. 2145 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती दिलराज सुदामा यादव**

### आम सूचना

मैं श्री सुनील भागूमल कारिरा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 250 चौ.फुट, रुम नं. 1, बैरक नं. 211 बी, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 17एआय015984300(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजू एस. सोमानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.7.2023 सी.नं. 1119 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुनील भागूमल कारिरा**

### आम सूचना

मैं श्रीमती बबीता सुधाकर सभी को सूचित कर रही हूं कि हाउस, 324 चौ.फुट, रामदेव बाबा नगर, भैयासाहेब आंबेडकर नगर, कचरा डंपिंग ग्राउंड, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीओ017566300) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशीश कुमार अम्रितलाल यादव व श्री अनिलकुमार अम्रित यादव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 10.10.2024 सी.नं. 2078 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती बबीता सुधाकर**

संक्षेप...

## शार्ट सर्किट से लगी आग पर अग्निशमन दल ने पाया काबू



**ठाणे.** कलवा विश्वकर्मा नगर में सनराईस अपार्टमेंट के चौथी मंजिल पर रूम न.406 में बाथरूम के पास वाशिंग मशीन के यूनिट में सार्ट सर्किट से आग लग गई जिसकी जानकारी टोरेंट कर्मचारी,आपदा प्रबंधन, अग्निशमन विभाग, कलवा पुलिस को तत्काल सूचना दी गई।जिसका पता चलते ही आपदा प्रबंधन व अग्निशमन विभाग के जवान फायर ब्रिगेड वाहन लेकर घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में सफल हुए।इस घटना में आपदा प्रबंधन के मुख्य अधिकारी यासीन तड़वी ने बताया कि किसी भी जानमाल का हानी नही हुआ।उन्होंने बताया कि उस समय घर में 3 व्यक्ति मौजूद थे लेकिन आग लगने पर सुरक्षा की दृष्टि से घर से बाहर हो गए थे। इस घटना में वाशिंग मशीन, एसी, कपाट, बाथरूम, किचन, कागजात जलकर राख हो गया।

# उद्धव-कांग्रेस के बीच 7 सीटों पर अनबन

- आज हो सकता है सीट बंटवारा
- कांग्रेस की पहली लिस्ट भी जारी होगी





**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 सीटों पर महाविकास अघाड़ी (MVA) के बीच सीट शेयरिंग अभी फाइनल नहीं हुई है। लगभग 17 सीटों पर सहमति नहीं बन पाई है। वहीं विदर्भ की 7 सीटों पर उद्धव गुट और कांग्रेस अपना-अपना दावा कर रही है। इस बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली लिस्ट कल घोषित की जाएगी। साथ ही महाविकास अघाड़ी की सीटों का बंटवारा भी कल हो जाएगा।

### कांग्रेस नेता बोले- सीट बंटवारे में समय लगता है

महाराष्ट्र विधानसभा में अपोजीशन लीडर और कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि, महाविकास अघाड़ी में अंतिम 17 सीटों पर चर्चा बाकी है। हमारा कुछ सीटों पर ठाकरे गुट के साथ विवाद चल रहा है। गठबंधन में तीन पार्टियां हैं। तीन दलों के बीच सीट शेयरिंग में समय लगता है। वडेट्टीवार ने यह भी कहा कि हम असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को समझेंगे और महाविकास अघाड़ी के साथ ही चुनाव लड़ेंगे।

## कार ने टेम्पो में मार दी टक्कर, एक की मौत

**नवी मुंबई:** सायन पनवेल रोड पर अवैध रूप से पार्क किए गए टेम्पो की वजह से एक कार ने टेम्पो में टक्कर मार दी। इस हादसे में मुंबई में सीमा शुल्क अधीक्षक के पद पर कार्यरत एक अधिकारी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. इस मामले में टेंपो चालक को हिरासत में लिया गया है. आरोपी का नाम घनशाम वर्मा है. रविवार सुबह वर्मा ने अपना टेंपो (एमएच 46 बीवी 9251) पनवेल की ओर जाने वाले शिव पनवेल मार्ग पर जुईनगर रेलवे फुटब्रिज के नीचे सड़क की दूसरी लेन पर पार्क किया था।

# बारामती से चुनाव लड़ेंगे अजित पवार!

- प्रचार गाड़ियां तैयार करने का काम शुरू



**मुंबई.** आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से उपमुख्यमंत्री अजीत पवार बारामती से उम्मीदवार होंगे। बारामती शहर में अजित पवार की प्रचार टीम ने उनके नाम पर प्रचार गाड़ियां तैयार करने का काम शुरू कर दिया है. इस प्रचार रथ पर विधानसभा चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर अजित पवार का नाम अंकित है और लिखा है कि चुनाव में अजित पवार को जिताने के लिए एनसीपी पार्टी के सामने घड़ी का बटन दबाएं.

इसलिए अब यह साफ हो गया है कि अजित पवार बारामती से एनसीपी, बीजेपी, शिवसेना और सहयोगी दलों के महागठबंधन के उम्मीदवार होंगे. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अजित पवार नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन यानी 29 अक्टूबर को बारामती से अपनी उम्मीदवारी दाखिल करेंगे.

लोकसभा चुनाव के बाद बीच के दौर में अजित पवार ने बार-बार संकेत दिया था कि वह बारामती से चुनाव नहीं लड़ेंगे, इसलिए एनसीपी पार्टी के कार्यकर्ताओं में बेहद बेचैनी थी. बारामती में एनसीपी कार्यकर्ताओं द्वारा अजित पवार के काफिले को रोकने के बाद अजित पवार ने ऐलान किया कि आप ही वह उम्मीदवार हैं जिसे हम चाहते हैं, आप जो चाहेंगे वही होगा.

इसके मुताबिक, अब यह साफ हो गया है कि अजित पवार खुद आठवीं बार बारामती विधानसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी दाखिल करेंगे। अजित पवार लगातार सात बार बारामती विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं।

# क्या 'लाड़की बहिन योजना' बंद होगी?

### मंत्री अदिति तटकरे ने अफवाहों को दिया विराम



मुंबई. मुख्यमंत्री लाड़की बहिन योजना को महाराष्ट्र में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। लाड़की बहिन योजना से करोड़ों महिलाओं को लाभ हुआ है। लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में तीन माह के 1500 रुपये और दिवाली बोनस के 3 हजार रुपये भी जमा किये गये हैं. कई महिलाएं इस योजना का लाभ लेने का इंतजार कर रही हैं. ऐसे में महाराष्ट्र में चुनाव का ऐलान हो गया है. कई लोगों ने सोचा है कि चुनाव के बाद इस योजना का क्या होगा। क्या लाड़की बहिन योजना जारी रहेगी या बंद कर दी जाएगी? इस संबंध में महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बड़ा अपडेट दिया है.

मंत्री अदिति तटकरे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस बात का खुलासा किया है. मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिन योजना का क्रियान्वयन जुलाई 2024 से प्रारंभ हो गया है। इस योजना के तहत, महाराष्ट्र में पात्र बहनों को प्रति माह 1,500 रुपये सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में जमा किए गए हैं। सरकार ने पात्र बहनों के खातों में जुलाई, अगस्त और सितंबर 2024 का लाभ पहले ही जमा कर दिया है, साथ ही 4 से 6 अक्टूबर 2024 के बीच अक्टूबर और नवंबर महीने का लाभ 2 करोड़ 34 लाख को दिया गया है। सभी पात्र बहनों को दिसंबर माह का लाभ दिसंबर माह में दिया जाएगा और विनम्र निवेदन है कि महाराष्ट्र की माताएं-बहनें इस योजना के बारे में किसी भी गलत जानकारी का शिकार न बनें! ऐसा पोस्ट मंत्री अदिति तटकरे ने किया है.

लड़की बहिन योजना एक स्थायी योजना है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने आरोप लगाया है कि योजना के प्रति महिलाओं की प्रतिक्रिया देखकर विपक्ष गलतफहमी फैलाने की कोशिश कर रहा है।

# देशी गावठी शराब के अड्डे पर पुलिस की छापेमारी

- 2.16 लाख का सामान बरामद
- 9540 ली. शराब सहित सामान नष्ट





**ठाणे.** मुंब्रा पुलिस थाना अंतर्गत दिवा के आगासन गांव स्थित खाड़ी किनारे अवैध रूप से चल रहे देशी गावठी शराब के अड्डों पर दिवा पुलिस चौकी के सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल कोलेकर की टीम ने छापेमारी की। पुलिस आने की भनक लगते ही 2 आरोपी भागने में सफल हो गए। वहीं घटना-स्थल पर पुलिस टीम ने 2 लाख 16हजार 700 रुपए का सामान जब्त किया है। इसके साथ 53 प्लास्टिक ड्रमों में रखी गई 9540 लीटर शराब नष्ट कर हाथ भट्टी को तोड़ दिया गया। उक्त कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे के मार्गदर्शन सहायक पोलीस निरीक्षक अमोल कोलेकर के नेतृत्व में सहायक पुलिस उप निरीक्षक सुभाष मोरे, पुलिस नाईक नीलकंठ लोंढे, पुलिस शिपाई वसीम तडवी, नितीन धायगुडे, उमाकांत गायकवाड की टीम ने की है। मालूम हो कि दिवा पुलिस चौकी के सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल कोलेकर को आगासन गांव खाड़ी में अवैध रूप से गावठी शराब की भट्ठी चलाये जाने की जानकारी मिली थी। पुलिस की छापेमारी में मौके से 53 ड्रम बरामद किये गए। इसके साथ ही ड्रम में शक्कर ,गुड़ तथा नवसादर का मिश्रण करके रखा गया था। इसी मिश्रण से शराब बनाई जानी थी। इसकी कीमत 2 लाख 16 हजार 700 रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के बिरुद्ध मुंब्रा पुलिस थाने ने मामला दर्ज किया है।

आगे की जांच पुलिस सहायक पुलिस उप निरीक्षक सुभाष मोरे कर रहे हैं।

## एयरपोर्ट पर 1.45 करोड़ रुपए मूल्य का मारिजुआना जब्त

**मुंबई.** मुंबई एयरपोर्ट कस्टम्स ने बैंकॉक से 1.45 करोड़ रुपये मूल्य के 1.452 किलोग्राम मारिजुआना (गांजा) की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया।

सतर्क कस्टम अधिकारियों ने संदिग्ध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए बैंकॉक की उड़ान से आने वाले एक यात्री को रोका। यात्री को उसके चेक-इन बैगेज की तलाशी के लिए एक तरफ जाने को कहा गया, जिसके बाद उच्च गुणवत्ता वाले क्यूरेटेड मारिजुआना को जब्त कर लिया गया।

# डॉ. धीरज महांगड़े का सम्मान



**ठाणे.** शहर स्थित काशीनाथ घाणेकर नाट्य गृह में वरिष्ठ नागरिक व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का वार्षिक सभा के आयोजन में सिविल अस्पताल के अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े का शाल, श्रीफल व पुष्प गुच्छ देकर पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के हाथों से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मंच पर ज्यूपिटर अस्पताल के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सुराशे, डॉ. प्रदीप धवल आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में एसएसटी महाविद्यालय की दोहरी जीत



**उल्हासनगर.** क्रीड़ा एवं युवा सेवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य, पुणे जिला क्रीड़ा परिषद, ठाणे और उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में एसएसटी महाविद्यालय ने अपना दबदबा साबित करते हुए दोहरी जीत हासिल की है।

प्रतियोगिता में 19 वर्ष से कम आयु के लड़कों के समूह में एसएसटी महाविद्यालय की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। उसी प्रकार, 19 वर्ष से कम आयु के लड़कियों के समूह में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एसएसटी महाविद्यालय की लड़कियों ने पहला स्थान हासिल किया।

इस दोहरी जीत से एसएसटी महाविद्यालय की हर तरफ सराहना हो रही है, और महाविद्यालय के प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों का अभिनंदन किया जा रहा है।

इसके अलावा, इस जीत पर महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, सभी शिक्षक, अन्य कर्मचारी और छात्रों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है और उन्हें संभागीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# कडोंमपा में आचार संहिता के कारण लोकतंत्र दिवस कार्यक्रम रद्द



**कल्याण.** विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के कारण कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका ने डोंबिवली में मनपा मुख्यालय, संभागीय मुख्यालय में आयुक्त, उपायुक्त की उपस्थिति में लोकतंत्र दिवस कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया है.

आम नागरिकों की शिकायतों, नागरिक समस्याओं और कठिनाइयों का तुरंत समाधान करने के लिए सरकार के आदेश पर नागरिकों की सुविधा के लिए कल्याण डोंबिवली मनपा मुख्यालय, संभागीय उपायुक्त कार्यालय में कई वर्षों से लोकतंत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। मंगलवार को आयुक्त सभागार में लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया गया. लोकतंत्र दिवस कार्यक्रम में नगर पालिका के 150 से अधिक फरियादी नागरिक उपस्थित हुए।

आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अभियंताओं की उपस्थिति में संबंधित वार्ड के नागरिकों की शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है. नगर पालिका में कई माह तक चक्कर लगाने के बाद भी उनकी शिकायतों का समाधान नहीं होने से शिकायतकर्ता नागरिक परेशान हैं। हालाँकि, लोकतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान आयुक्त के समक्ष शिकायत का समाधान होने पर शिकायत करने वाले नागरिकों ने संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने संभावना जताई कि आचार संहिता के कारण रद्द किया गया लोकतंत्र दिवस कार्यक्रम विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद यानी 26 नवंबर के बाद फिर से शुरू होगा.

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# बी.के. बिड़ला पब्लिक स्कूल, कल्याण उत्कृष्टता और नवाचार का प्रतीक



बी.के. बिड़ला पब्लिक स्कूल, कल्याण, 25 वर्षों से अधिक समय से शैक्षणिक उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों और नवोन्मेषी प्रथाओं के लिए जाना जाता है। नैबेट (NABET) द्वारा मान्यता प्राप्त यह विद्यालय शोध-आधारित दृष्टिकोण अपनाता है, जो कर्मचारियों और छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देता है। स्कूल का संपूर्ण पाठ्यक्रम छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करता है। इसके दो डिज़ाइन लैब्स और स्टीम पाठ्यक्रम रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को विकसित करने में सहायक हैं। बी.के. बिड़ला पब्लिक स्कूल छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। यहाँ माइंड्स मैटर जैसे मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, जो एम पॉवर (Mpower) द्वारा विकसित किए गए हैं, उन्हें सभी कक्षाओं में शामिल किया गया है।

तकनीकी एकीकरण विद्यालय के संचालन का केंद्रीय तत्व है। चार वर्षों से माइक्रोसॉफ्ट शोकेस स्कूल के रूप में मान्यता प्राप्त 100 से अधिक माइक्रोसॉफ्ट नवोन्मेषी शिक्षकों के साथ विद्यालय डिजिटल कक्षाओं, स्मार्ट बोर्ड, 3D लैब और VR तकनीक का उपयोग करता है। विद्यालय का ऐप माता-पिता और शिक्षकों के बीच संवाद को बढ़ावा देता है, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की प्रगति पर नजर रख सकते हैं। ऑनलाइन कैंटीन सुविधा माता-पिता को अपने बच्चों के लिए भोजन पूर्व-ऑर्डर करने की अनुमति देती है। आगामी योजनाओं हेतु, स्कूल अगले वर्ष परिवहन सुविधा शुरू करने जा रहा है, जिसमें केवल महिला ड्राइवरों को नियुक्त करने की प्राथमिकता होगी।

विद्यालय को ऐसे ही अनेक उत्कृष्ट कार्यों हेतु कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। हाल ही में इसे एजुकेशन टुडे द्वारा थाने में दूसरा और महाराष्ट्र में बीसवां स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय को शीर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। 2023 में इसे एजुकेशन टुडे के स्कूल मेरिट अवार्ड्स में भारत के 20 शीर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विद्यालयों में 8वें स्थान पर रैंक किया गया। इसे दिल्ली के विज्ञान और पर्यावरण केंद्र द्वारा प्रमाणित ग्रीन स्कूल का दर्जा भी प्राप्त हुआ है और 5,000 से अधिक स्कूलों में 'वेस्ट वॉरियर अवॉर्ड' भी मिला।

टाइम्स स्कूल सर्वे 2023 में बी.के.बी.पी.एस. को मुंबई में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले 20 शीर्ष विद्यालयों में चौथा स्थान मिला। इसे 2022 ग्रैंड ज्यूरी पुरस्कारों में एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा छात्रों के लिए भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन के लिए भारत में दूसरे स्थान पर भी रैंक किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय ने राज्य के 'माझी शाला, सुंदर शाला' पहल में पहला स्थान प्राप्त किया और 15 लाख और एक ट्रॉफी का पुरस्कार भी जीता। इस विद्यालय को एक उत्कृष्ट कार्यस्थल के रूप में भी मान्यता मिली है, जिसमें इसे भारत के शीर्ष 50 मध्यम आकार के संस्थाओं में 15वां स्थान प्राप्त हुआ है। विद्यालय को 'कर्मचारी संतुष्टि सूचकांक' में 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है।

बी.के. बिड़ला पब्लिक स्कूल, कल्याण, शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार, और सामाजिक दायित्व का एक मिसाल स्थापित करता है और छात्रों को तेजी से परिवर्तनशील दुनिया में सफल बनाने के कार्य में तत्पर है।

### आम सूचना

मैं श्री विनोद श्यामलाल लुल्ला सभी को सूचित कर रहा हूं कि चार दुकान, शॉप नं. 1,2,3 और 4, 140 चौ.फुट, ग्राऊंड फ्लोर, खूबचंद काम्पलेक्स, बैरक नं. 470, रुम नं. 1, एल्को मार्केट के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016786600) उक्त प्रॉपर्टी श्री अमर पी. खत्री के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.7.2008 सी.नं. 1119 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विनोद श्यामलाल लुल्ला**

### आम सूचना

मैं श्री हरेश तुलसीदास टिलवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि आगे का भाग, दुकान साथ में पीछे हाऊस, बैरक नं. 84 के पास और बैरक नं. 83 के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय015695200) उक्त प्रॉपर्टी श्री तुलसीदास जेठानंद टिलवाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 16.9.2016 सी.नं. 2430 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेश तुलसीदास टिलवाणी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती सोनाली प्रेमचंद वाधवा सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 36, डी विंग, राजू को-आप. हाउसिंग सोसायटी, प्लाट नं. 17, सेक्शन 6-ए, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 28बीआय005011000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती दीपा नानिकराम नंदवानी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 25.1.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सोनाली प्रेमचंद वाधवा**




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099